सार-समाचार

विकास कार्यों का लोकार्पण

कुम्हेर भरतपुर (निस)। डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र की नवसृजित ग्राम पंचायत मुख्यालय सूरौता में क्षेत्रीय विधायक डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह ने विधायक निधि से स्वीकृत 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सूरौता को नवीन ग्राम पंचायत का दर्जा दिलवाने पर ग्रामवासियों ने विधायक का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि उदयवीर सिंह तथा ग्रामवासियों द्वारा विधायक डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह का चाँदी का मुकुट एवं 51 किलो की विशाल माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। साथ ही ग्राम सुनारी एवं अवार के ग्रामवासियों ने भी विधायक को पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मानित किया और क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और जनसहयोग के माध्यम से डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए कार्य किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। कार्यक्रम में प्रधान देवी सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगदीश अजान, नरेंद्र सिंह, मदन ताखा, रामवीर सिंह, भगत सिंह, बलदेव सिंह, साहब सिंह, भूपेंद्र सिंह, विनोद सिंह, शक्ति सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामवासियों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।

कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया

रूपवास भरतपुर (निस)। रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों, बढ़ती महंगाई व नेशनल हाईवे पर 75 मीटर तक के अतिक्रमणों को हटाए जाने के आदेश के विरोध में रूपवास ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक कांठोस कार्यालय के बाहर पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव व ब्लाक संगठन महासचिव सुरेश राजावत के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जला जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महंगाई पर नियंत्रण करने की मांग उठाई। पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव ने कहा कि रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से आम आदमी की कमर टूट चुकी है। महंगाई के कारण गरीब, मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है वहीं ब्लॉक कांग्रेस संगठन महासचिव सुरेश राजावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महंगाई के मुद्दे को लेकर लगातार आवाज उठा रही है और यह विरोध केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं है। महंगाई के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाया जाएगा। साथ ही कहा कि नेशनल हाईवे की 75 मीटर परिधि में आने वाले घरों व प्रतिष्ठानों को हटाएं जाने के आदेश का भी हम विरोध करते हैं। इस दौरान नवनीत डांगुर, रामेन्दर दनगस, अजीत चौधरी, अभिषेक कटारा, महेश रघुवंशी, शिवलाल, श्याम सिंह, हेम सिंह, पदम सिंह, भोला, श्रीभान, कृष्णकांत, रामभरोसी खितौलिया, गंगा सिंह, राम-लखन, दशरथ आदि मौजूद थे।

भंडारे से यात्रियों की सेवा

हिंडौन सिटी । आस्था के प्रतीक कैलादेवी लख्खी मेले के अवसर पर गांव खेड़ा जमालपुर में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए केला देवी भक्त मंडल, खेड़ा जमालपुर की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मेले में आने वाले हजारों यात्रियों को इस शिविर के माध्यम से चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, वहीं भंडारे में प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है। भक्त मंडल के कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से यात्रियों की सेवा में जुटे हुए हैं। शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार, दवाइयां तथा आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्रदान किया जा रहा है। भंडारे में पदयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी-चावल, दाल, पुरी, सब्जी, हलवा सहित अन्य प्रसाद की व्यवस्था की गई है। बड़ी संख्या में पदयात्री प्रसाद ग्रहण कर आनंदित हो रहे हैं और सेवा कार्य की सराहना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शिविर स्थल पर डीजे पर बज रहे कैला देवी मैया के लांगुरिया गीतों पर भक्त झूमते नजर आ रहे हैं, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस सेवा कार्य में केला देवी भक्त मंडल के हरिओम शर्मा, सियाराम चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही भाजपा खेड़ा जमालपुर मंडल अध्यक्ष गीता देवी जाट एवं जगदीश चौधरी भी सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं और श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है और इसी भावना के साथ यह सेवा कार्य निरंतर जारी है। मेले में आने वाले यात्रियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा शिविर और भंडारे से दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलती है।

सैंड स्टोन प्रदर्शनी का शुभारंभ

करौली। राजस्थान दिवस समारोह 2026 के अंतर्गत राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तरीय ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) सैंड स्टोन प्रदर्शनी का शुभारंभ रविवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के उद्घाटन के पश्चात अतिथियों का स्वागत करते हुए महाप्रबंधक गणेश शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 10 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें सैंड स्टोन से निर्मित विभिन्न कलात्मक एवं उपयोगी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। इन स्टॉलों के माध्यम से जिले की पत्थर शिल्प कला, आधुनिक मशीनों से तैयार उत्पादों तथा पारंपरिक हस्तशिल्प को आमजन के समक्ष प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में शर्मा एंटरप्राइजेज, शिवम इंडस्ट्रीज, जगदीश कॉन्ट्रैक्टर्स, हिमांशी इंडस्ट्रीज, भवानी इंडस्ट्रीज, तनिष्क स्टोन, जिंदल स्टोन, मुस्कान इंडस्ट्रीज तथा श्री श्याम इंडस्ट्रीज सहित विभिन्न इकाइयों द्वारा सीएनसी मशीनों, हैंडमेड दस्तकारी एवं गैंगसॉ मशीनों से निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता पी.सी. मीणा, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश कुमार, एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर लेखराज, स्काउट गाइड के सीओ अनिल गुप्ता सहित उद्योगपति विनोद शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, मोहित सिंघल, जगदीश जाटव एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कांशीराम जयंती मनाई

करौली। कांग्रेस पार्टी एससी प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी की बैठक कांग्रेस पार्टी जिला कार्यालय करौली में जिला अध्यक्ष प्रभाव चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के आदेशानुसार एवं एससी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश के निर्देशानुसार दलितों के महा नायक कांशीराम की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने एससी, एसटी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी वर्ग के अधिकारों के लिए समाज को जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि आज हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ कांठोस पार्टी देशभर में उस महान व्यक्ति की जयंती मना रही है तथा सभी वर्गों को साथ लेकर न्याय और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर रामकुमार बैरवा पूर्व प्रधान, जिला उपाध्यक्ष राम गिलास जाटव, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस के प्रदेश सचिव उदय सिंह जाटव, पूर्व प्राचार्य बीएल बैरवा, विश्राम मीना, कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल माली, मनोज बैरवा, रामसहाय मीना, पूर्व पार्षद मजीद खान, संदीप डागर, बाबू सिंह जाटव, वीरपाल जाटव, मंगल कोली, भजन लाल धोबी, लेखराज, दिनेश जाटव सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आध्यात्मिक विषयों पर तीन दिन कार्यक्रम

करौली। कैलादेवी में सतयुग टीम की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें डॉ. आई.एस. बंसल ने बताया कि उनकी टीम तीन दिनों तक कैलादेवी में आध्यात्मिक जागरूकता और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रेस वार्ता में कहा गया कि वर्तमान समय में लोगों की कई आदतें समान होती जा रही हैं, जैसे गलत तरीके से धन कमाना, रिश्वत लेना और नशे का सेवन करना। वहीं धर्म के नाम पर लोग अलग-अलग हो जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान आत्मसाक्षात्कार, दशम द्वार, सकारात्मक ऊर्जा, तथा धार्मिक ठांथों में बताए गए आध्यात्मिक संदेशों जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। सतयुग टीम की ओर से यह भी घोषणा की गई कि यदि कोई व्यक्ति इन आध्यात्मिक प्रश्नों के प्रमाण सहित उत्तर प्रस्तुत करता है तो उसे सतयुग टीवी की ओर से एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। टीम ने विद्वानों, आध्यात्मिक शोधकर्ताओं, पत्रकारों और आम लोगों को इस विचार-मंथन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

व्यापार महासंघ ने गृह राज्य मंत्री से की मुलाकात

■ व्यापारियों ने सड़क चौड़ीकरण पर उठाई आपत्ति

भरतपुर (निस)। भरतपुर जिला व्यापार महासंघ जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला महामंत्री विपुल शर्मा ने सर्किट हाउस में गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। महामंत्री विपुल शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता द्वारा शहर में सडक चौडीकरण के नाम पर लाल निशान लगाकर व्यापारी व आमजन में खौफ का माहौल बनाया जा रहा है जबकि सरकार के भिन्न भिन्न नक्शों में ही भिन्नता है। व्यापारी भी विकास के पक्ष में हैं परन्तु पीढियों से चल रही उनकी दुकान मकान अगर विकास कार्यों के दायरे में आते हैं तो उसको भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अंतर्गत उचित मुआवजा या समतुल्य जगह तो दी जावे इसके बारे में बातचीत तो प्रशासनिक अधिकारियों का सरकार में शामिल लोगों के द्वारा नहीं दी जा रही, सिर्फ खौफ पैदा किया जा रहा है।

शहर में जहां जहां फ्लाई ओवर बन रहे हैं चाहें वो हीरादास, कुम्हेर गेट, चांदपोल दरवाजा हो या काली की बगीची से बीनारायन गेट, बिजलीघर, सूरजपोल हो या सडक चौडीकरण के नाम पर बीनारायन गेट से सिरकी वाले हनुमान तक का ऐरिया एवं रेडक्रास सर्किल से नई मण्डी स्टेशन बजरिया हो कहीं पर भी व्यावसायिक या आवासीय भूखण्ड के स्वामियों से बिना बातचीत उटपटांग लाल निशान लगाकर खौफ का माहौल बनाया जा रहा है। उदाहरण के लिये रेडक्रास से स्टेशन तक 120 फुट रोड के हिसाब से लाल निशान लगा दिये गये उसके बाद 75-80 फीट की बात होने लगी, तो यह सब प्लानिंग उनको पहले ही दुरूस्त करनी चाहिये थी कि आप करना क्या चाहते हैं। और जो करना चाहते हैं उसके संदर्भ में उन एरिया के पीडित पक्ष से उनको भरोसे में लेकर बात कर उनको संतुष्ट करना चाहिये। अगर ऐसा होता है तो कहीं भी विरोध के स्वर शायद नहीं उठेंगे और शायद वह भी आपके विकास कार्यों का गुणगान करेंगे लेकिन जिसको अपनी बरवादी और नुकसान होता दिखेगा

वह तो छटपटायेगा ही। जिला महामंत्री विपुल शर्मा ने कि गृह राज्य मंत्री से यू.डी. टैक्स के नाम पर चल रही हठधर्मिता को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई उसमें नियमों में भी संशोधन कर जनता को राहत दी जाने की बात कही गई । अगर जनहित के लिए यूडी टैक्स नियमों में बदलाव की आवश्यकता है तो सरकार को उस पर भी विचार करना चाहिये। इस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि जिनकी भूमि जायेगी उनको मुआवजा दिया जावेगा और जो कमियां होंगी उनको दुरूस्त किया जावेगा व भूमि अधिठाहण वाले क्षेत्र के लोगों से भी चर्चा की जावेगी।

विकसित रन रैली निकाली

करौली । राजस्थान दिवस समारोह 2026 के अंतर्गत राज्य सरकार के निर्देशानुसार रविवार को त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम, करौली से विकसित रन रैली का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में राजकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्काउट-गाइड तथा विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के सुचारू संचालन के लिए 30 शारीरिक शिक्षकों की विशेष ड्यूटी लगाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्थान दिवस समारोह 2026 के तहत जिले में 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के दौरान विकसित रन रैली, स्वच्छता, शिक्षा, खेल एवं जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों तथा आमजन से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाकर अभियान को सफल बनाने की अपील की।

डिजिटल शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

गंगापुर सिटी । वजीरपुर स्थित स्कूल को डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आठ कंप्यूटर भेंट किए गए हैं।

यह भेंट अनन्या, अलीशा, उनके परिवार तथा उनकी संस्थाओं एक्लिप्स एजुकेशन और यूनिवर्स एजुकेशन द्वारा की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि, शिक्षक, अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे। कंप्यूटर मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया, जिससे उन्हें अब डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलेगा। स्कूल के प्रिंसिपल हेमराज मीणा ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल उपकरणों का दान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य में किया गया महत्वपूर्ण निवेश है।

उन्होंने बताया कि इन कंप्यूटरों से छात्रों को डिजिटल कौशल सीखने और पढ़ाई में नई तकनीक का लाभ मिलेगा। स्कूल प्रशासन ने दानदाताओं के भारत और अमेरिका में रहने वाले परिजनों का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। स्कूल परिवार ने विश्वास जताया कि इन कंप्यूटरों से छात्रों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

शिविर में 130 से अधिक दिव्यांगों को उपकरण बांटे

■ सेवा कार्यों से समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना मजबूत होती है : डॉ. सिंह

डीग भरतपुर (निस)। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर, वल्लभ राम शर्मा मानव सेवा समिति अऊ तथा खंडेलवाल वैश्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डीग शहर की खंडेलवाल धर्मशाला में निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए। शिविर में कुल 40 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, 16 को व्हील चेयर, 40 को कान की मशीन, 6 को बैसाखी, 20 को छड़ी, 4 को कैलीपर तथा 4 को कृत्रिम पैर प्रदान किए गए। उपकरण प्राप्त कर दिव्यांगजनो के चेहरे खिल उठे , इसके लिए उन्होंने और उनके परिजनों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद और दिव्यांगजनों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और मानवता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर और वल्लभ राम शर्मा सेवा समिति अऊ की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विधायक ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए, ताकि हर व्यक्ति सम्मान के साथ जीवन जी सके। वल्लभ राम शर्मा मानव सेवा समिति अऊ के अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समिति का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना है। उन्होंने बताया कि समिति समय-समय पर विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की मदद के साथ साथ, चिकित्सालय, विद्यालयों आदि में जरूरी सामान और विकास कार्य कराने के प्रयास करती रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सहयोग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है।

महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सचिव मदन मोहन शर्मा ने समिति द्वारा दिव्यांगों की सहायता के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा नेता समाज सेवी अनिल कुमार गुप्ता, खंडेलवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष संजय गंधी खेमचंद कोली, राजेंद्र यादव ,हेमेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

छात्रावास निर्माण कार्य की समीक्षा

करौली। जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने की। बैठक में छात्रावास परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई तथा अब तक हुए कार्यों के लिए निर्माण समिति का आभार व्यक्त किया गया। अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने समाज के सभी बंधुओं से संस्थान के विकास के लिए तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने छात्रावास के लिए लाइब्रेरी कुर्सियां, सीमेंट कट्टा, दीवार निर्माण राशि, किवाड़, पंखे, वाटर कूलर सहित अन्य आवश्यक संसाधनों में सहयोग देने का आ ान किया।बैठक में संस्थान सचिव रामगोपाल माली, कोषाध्यक्ष कल्याण माली, यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक कमरपाल माली, सक्रिय सदस्य गोपाल लाल माली, पन्नूसिंह माली, हेमराज हलवाई, अध्यापक प्रहलाद, भंवर सिंह, रामनिवास प्रभु, ठेकेदार रामखिलाड़ी, पूर्व अध्यक्ष श्याम पटेल, गिरिराज, रमजी सरपंच, किरोड़ी सैनी, हजारी पटेल, महेशचंद सैनी, अशोक सैनी, सूरजमल, प्रताप कुशवाहा, लक्ष्मण सिंह सहित अन्य समाज बंधुओं ने छात्रावास विकास को लेकर अपने विचार व्यक्त किए और सहयोग का भरोसा दिलाया। छात्रावास सेमिनार हॉल में ही माली समाज कस्बा करौली की बैठक अध्यक्ष रामगोपाल माली की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

'सुखी समाज के निर्माण में संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों का महत्व'

हिंडौन सिटी। स्थानीय जैन स्थानक भवन नई मंडी में श्री जैन रत्न नवयुवक परिषद के तत्वावधान में रत्न वंश के अष्टम पट्टधर आचार्य प्रवर 1008 श्री हीराचंद जी महाराज साहब के आज्ञानुवर्तनी मधुर व्याख्यानी श्रद्धेय गौतम मुनि महाराज साहब आदि राणा 3 के सान्निध्य में मेरा जीवन मेरा संविधान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गौतम मुनि महाराज साहब ने जीवन में संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाकर उसे बेहतर बनाने के लिए आवश्यक नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कार तभी दिए जा सकते हैं जब हम स्वयं उन्हें अपने आचरण में अपनाएं। अपने प्रवचन में उन्होंने निंदा नहीं करने, झूठ नहीं बोलने, प्रतिदिन दान करने, क्रोध नहीं करने तथा माता-पिता का सम्मान करने जैसे मूल्यों को जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक बताया और विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से उनकी महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार किसी देश में व्यवस्था बनाए रखने के लिए संविधान में वर्णित नियमों का विशेष महत्व होता है, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति के लिए नियमों का होना भी जरूरी है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति बड़े स्तर पर साधना, तपस्या और त्याग नहीं कर सकता तो भी वह छोटे-छोटे नियमों का पालन करके स्वस्थ और सुखी परिवार, समाज तथा देश के निर्माण में योगदान दे सकता है। इस अवसर पर श्री जैन रत्न हितेषी श्रावक संघ हिंडौन सिटी के अध्यक्ष धर्मचंद जैन ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज में संस्कारों के पतन से उत्पन्न हो रही समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करना तथा उनके समाधान के उपाय बताना था। नवयुवक परिषद के अध्यक्ष डॉ. रितेश जैन ने बताया कि लंबे समय बाद गौतम मुनि महाराज साहब का हिंडौन सिटी में आगमन हुआ है और वे लोगों को आध्यात्मिक उन्नित के लिए निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। कार्यशाला के समापन पर उपस्थित धर्मप्रेमी बंधुओं को प्रत्येक व्यक्ति के अच्छे जीवन और उत्तम स्वभाव के निर्माण के लिए आवश्यक 21 नियमों की पट्टिका का वितरण डॉ. निधि जैन एवं डॉ. अरिहंत जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री सुमत जैन ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

180 बीएलओ का सम्मान

गंगापुर सिटी । राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) जिला सवाई माधोपुर द्वारा बीएलओ सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 180 बीएलओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सभापति शिवरतन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हनुमान मुक्त, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामदयाल मीणा, रामलाल वैष्णव, राजकुमार उपाध्याय और राजेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अतिथियों का माला, साफा और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामदयाल मीणा ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जयपुर की लाल कोठी में शिक्षक संघ का चार मंजिला भवन है, जहां शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के साथ उनके ठहरने की भी व्यवस्था है। प्रधान मंजू गुर्जर ने बीएलओ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान कार्यक्रम शिक्षकों को प्रेरित करते हैं। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने गंगापुर सिटी को शिक्षा का प्रमुख केंद्र बताया ।

धैर्य, क्षमा, क्रोध पर नियंत्रण करना ही मानव धर्म की महानता : गर्ग

■ शिक्षाविद ने बेटियों पर कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

भरतपुर (निस)। जो मानव इन्द्रियों पर नियंत्रण कर सके, क्रोध त्याग सके, क्षमावान हो तथा धैर्यवान हो वही महान व्यक्ति होता है। ये विचार अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय महिला मंत्री कमलेश गर्ग द्वारा भरतपुर जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति के वार्षिक सम्मेलन में व्यक्त किये। कर्यक्रम का प्रारम्भ महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं आरती से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता कमलेश गर्ग राष्ट्रीय कथा वाचिका बाडी धौलपुर थीं तथा अध्यक्षता शिक्षाविद वासुदेव गुप्ता द्वारा की गई। कार्यक्रम में "महाराजा अग्रसेन जीवन दर्शन एवं समग्र समाज विकास" विषय पर वक्ता डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ.अशोक बंसल पूर्व प्राचार्य कालेज शिक्षा एवं कमलेश गर्ग द्वारा विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किये। समिति अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता द्वारा स्वागत उदबोधन, महामंत्री दीनदयाल गुप्ता द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन एवं कोषाध्यक्ष रामस्वरूप गुप्ता द्वारा वित्तीय लेखाजोखा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अन्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग, राष्ट्रीय चेयरमैन अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के मनोज जिंदल, अग्रवाल महासभा भरतपुर के महामंत्री मुकेश सिंघल, युवा अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने भी विचार व्यक्त किये। वासुदेव गुप्ता शिक्षाविद ने बेटियों पर कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स राधेश्याम गुप्ता, लख्मी चंद गोयल एवं राम प्रसाद गर्ग का अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र भेंटकर सम्मान किया। संचालन सतीशचंद सिंघल द्वारा तथा उपाध्यक्ष सुनील बंसल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एस.एन. अग्रवाल, सी.एम.गुप्ता, सतीश गुप्ता, लक्ष्मी नारायन गुप्ता, आर.पी. गर्ग, हेमराज गोयल, सुधीर मित्तल, महेन्द्र भूषण गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, सत्यप्रकाश बंसल, अशोक कुमार गुप्ता, वेदप्रकाश सिंघल, दिनेश कुमार बंसल, प्रकाश मोहन बंसल, रिखब चंद मित्तल, अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. सतीशचंद अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, एस.पी. जिंदल, ज्योति अग्रवाल, गीता देवी, उमा गुप्ता, शंकरलाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

आईपीएस पंकज यादव का सम्मान

भरतपुर (निस)। राजस्थान पुलिस में हुए हालिया तबादलों के क्रम में भरतपुर में तैनात सहायक पुलिस अधीक्षक आईपीएस पंकज यादव के स्थानांतरण पर दानी श्याम मंदिर पाई बाग में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईपीएस पंकज यादव ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर के महंत रोहित महाराज के नेतृत्व मै श्याम बाबा संकीर्तन समिति तथा एनजीओ टीम के पदाधिकारियों ने उन्हें पारंपरिक साफा पहनाकर व श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें ढोल-नगाड़ों व भजन-कीर्तन के साथ मंदिर परिसर तक लाया गया, जहां संस्था के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंदिर की ओर से सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई।

सार-समाचार

मुख्यमंत्री से मिले पत्रकार

गंगापुर सिटी। मुख्यमंत्री निवास पर पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर पत्रकार हितों का ध्यान रखने पर आभार जताया। इस दौरान पत्रकार संगठन इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कोरोना संक्रमण के दौरान मृत सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी निवासी पत्रकार सीताराम गर्ग के परिवार को सरकार की घोषणा के अनुरूप 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि कोरोना ड्यूटी के दौरान पत्रकार सीताराम गर्ग का निधन हो गया था, जिसके बाद उनकी आश्रित पत्नी को 50 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सहायता राशि स्वीकृत होने के कई वर्ष बाद भी मृतक पत्रकार की पत्नी के खाते में अब तक राशि जमा नहीं हो सकी है। ऐसे में सरकार से शीघ्र कार्रवाई कर स्वीकृत सहायता राशि खाते में डलवाने की मांग की गई। मुख्यमंत्री से इस प्रकरण में आवश्यक निर्देश जारी कर पीड़ित परिवार को राहत दिलाने का आग्रह किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि 27 अप्रैल 2021 को कोविड-19 के दौरान संक्रमण से गंगापुर सिटी निवासी गैर अधिस्वीकृत पत्रकार सीताराम गर्ग का असामयिक निधन हो गया था। इसके बाद तत्कालीन जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार को मृतक पत्रकार के आश्रित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत करने का प्रस्ताव भेजा था। सरकार की ओर से सहायता राशि स्वीकृत भी कर दी गई, लेकिन स्वीकृति के कई वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक यह राशि उनकी पत्नी सारिका गर्ग के खाते में जमा नहीं हो सकी है।

'युवाओं में कौशल विकास से विकसित राजस्थान का निर्माण'

हिंडौन सिटी। राजक